रजिस्ट्रेशन S 37987/2000 नई दिल्ली

अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी)

कार्यालय-ए-2/20, कोठी पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 फोन 09711111507, 08383051835

E-mail yashpal_panchal @yahoo.co.in, yashpalpanchal1953@gmail.com, abvvsangh2000@gmail.com

यशपाल पांचाल	गणपतभाई ए पांचाल	वेदपाल पांचाल	मधुसूदन विश्वकर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री	राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
9711111507	9376183160	9311501100	9718796300

पत्रांक संख्या ABVVS/144/2023 दिनांक 21/08/2023

(Through mail)

सेवा में,
श्रीमान अध्यक्ष महोदय,
दिल्ली ओबीसी आयोग,
पांचवा तल ,विकास मीनार, आईटीओ दिल्ली- 110002

विषय – ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया का सरलीकरण करने के संबंध में।

मान्यवर,

संविधान में सामाजिक ,शैक्षणिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 7 अगस्त, 1993 को ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रधान प्रावधान किया गया था ताकि यह वर्ग भी मुख्यधारा में जुड़कर देश की प्रगति में सहयोग कर सकें

इस प्रावधान के अनुसार दिल्ली में ओबीसी प्रमाण पत्र प्राप्त करने का वही हकदार है जो 1993 का दिल्ली में रहने का निवास प्रमाण दे सके। गत 30 वर्षों में देश की राजधानी दिल्ली में लाखों ओबीसी प्रवासी विभिन्न राज्यों से रोजी-रोटी के लिए आकर बसे हैं इन्हें तथा इनके बच्चों को प्रमाण पत्र के अभाव में ओबीसी का लाभ नहीं मिल रहा है। हर वर्ष हजारों ओबीसी उम्मीदवार संस्थानों में प्रवेश व नौकरियों में ओबीसी के लाभ से वंचित रह जाते हैं। विश्वकर्मा समाज भी उनमें से एक है जो इस लाभ से वंचित रह जाता है।

आम आदमी पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में 1993 की निवास शर्त को ओबीसी प्रमाण पत्र के लिए सरलीकरण का वायदा किया था जो अभी तक पूरा नहीं किया गया है। यह ओबीसी समाज के साथ बहुत बड़ा छलावा है।

अतः आपसे निवेदन है कि ओबीसी के अधिकार संरक्षक की आयोग शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिल्ली सरकार को अनुशंसित करें कि ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 1993 तक दिल्ली में निवास की बाध्यता का दिल्ली विधानसभा में सरलीकरण बिल पास करें ताकि 1993 के बाद दिल्ली में आकर बसे ओबीसी को भी आरक्षण प्रमाणपत्र मिल सके तथा 1993 के बाद दिल्ली में आकार बसे ओबीसी के लोगों को भी इसका लाभ मिल सके।

धन्यवाद सहित सादर प्रेषित

प्रार्थी

यशपाल पांचाल

(यशपाल पांचाल विश्वकर्मा)
राष्ट्रीय अध्यक्ष